मिशन २०२७ के लिए योद्धा बनकर लड़ें और जीतें -नितिन नवीन

कार्यालय प्रतिनिधि

गोरखपुर, ५ नवम्बर। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने उत्तर प्रदेश प्रवास के दौरान गोरखपुर में पदाधिकारियों एवं पूर्व जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की और कार्यकर्त्ताओं से उत्तर प्रदेश के विकास में रोड़ा अटकाने वाली अराजकतावादी ताकतों को जड़ से उखाड़ फेंकने का आह्वान किया।



बैठक को संबोधित करते हुए श्री नवीन ने पदाधिकारियों में नई ऊर्जा का संचार किया और कहा कि भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता के लिए संगठन सर्वोपरि है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम और निस्वार्थ सेवा के बल पर ही आज भाजपा विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल बना है। बल पर ही हमने पहले भी ऐतिहासिक चुनाव जीते हैं और आगे भी जीतेंगे। मिशन 2027 का चुनाव हम सब को योद्धा बनकर लड़ना और जीतना है। सभी कार्यकर्ता विजय के संकल्प के साथ काम करें। उन्होंने कहा कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि मोदी जी और योगी की डबल इंजन सरकार की उपलब्धियों और विकास कार्यों को जन जन तक पहुंचाकर 2027 का चुनाव भी हम भारी बहुमत से जीतेंगे। इस महत्वपूर्ण बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के साथ प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी, प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह, प्रदेश सह-प्रभारी प्रदीप वर्मा, राष्ट्रीय मंत्री एवं राज्यसभा सांसद संगीता यादव, प्रदेश महामंत्री अभिजात मिश्रा और क्षेत्रीय अध्यक्ष विनोद राय उपस्थित रहे। मंच का संचालन क्षेत्रीय महामंत्री डॉ. बच्चा पांडेय नवीन ने किया।

कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए उन्होंने कहा, आप सभी कर्मठ कार्यकर्ताओं के परिश्रम के

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने गोरखनाथ मंदिर में की पूजा-अर्चना

कार्यालय प्रतिनिधि

गोरखपुर, ५ नवम्बर। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार गोरखपुर आए नितिन नबीन ने गुरुवार सुबह गोरखनाथ मंदिर पहुंचकर शिवावतार महायोगी गुरु गोरखनाथ का दर्शन-पूजन किया। पूरे विश्व में प्रसिद्ध नाथपंथ की इस पीठ पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भावपूर्ण स्वागत किया। गोरखनाथ मंदिर आगमन पर नितिन नबीन शिवावतार गुरु गोरखनाथ की प्रतिमा के समक्ष पहुंचे और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच श्रद्धावनत होकर दर्शन-पूजन किया। उनके साथ गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व अन्य कई जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। दर्शन-पूजन के बाद गोरक्षपीठाधीश्वर ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष को मंदिर परिसर का भ्रमण कराया।




♦ गोरखनाथ मंदिर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया नितिन नबीन का स्वागत♦अंगवस्त्र, प्रसाद और गुरु गोरखनाथ की प्रतिमा भेंट की

गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर और नाथपंथ से जुड़ी जानकारियां राष्ट्रीय अध्यक्ष को दीं। साथ ही राष्ट्रीय अध्यक्ष को अंगवस्त्र, प्रसाद और गुरु गोरखनाथ की प्रतिमा भेंटकर अभिनंदन किया। गोरखनाथ मंदिर में प्रसाद और जलपान ग्रहण करने के बाद नितिन नबीन पार्टी के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए रवाना हो गए। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पकंज चौधरी, केंद्रीय राज्यमंत्री ग्रामीण विकास कमलेश पासवान, महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावड़े, प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह, प्रदेश सरकार के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, सांसद रविकिशन शुक्ल, विजय दूबे, भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष कामेश्वर सिंह, विधायक विपिन सिंह आदि भी उपस्थित रहे।

...और जब भाजपा अध्यक्ष ने अपने संबोधन में 'पंडित गोरखनाथ' कहा

गोरखपुर, ५ नवम्बर। भारतीय के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने अपने बहुचर्चित और बहुप्रतीक्षित 'लोकतंत्र बचाओ-अराजकता हटाओ' पदयात्रा के शुभारंभ से एम.पी. इण्टर कालेज के मैदान में कल को आयोजित जनभा में 'महायोगी गोरक्षनाथ को 'पंडितं गोरखनाथ' कहकर जाने-अनजाने एक नया कंटोवर्सी पैदा कर दिया। उनके इस संबोधन पर लोग थोड़ा चौके किंतु वह बिना संशोधित किये आगे बढ गये। उल्लेखनी है कि महायोगी गुरूगोरखनाथ, जिन्हें गुरू गोरक्षनाथ भी कहा जाता है। वह नाथ सम्प्रदाय के प्रमुख योगी, संत एवं शिव के अवतार माने जाते हैं। उन्हें 'पंडित गोरखनाथ' कहना पारम्पारिक रूप से सही नहीं हैं क्यों कि वे वैदिक कर्मकांड या शास्त्रीय पंडित परम्परा से नहीं बल्कि हठयोग, तंत्र और सिद्ध परम्परा से जड़े महान योगी थे। इन्हें 'पंडित' के बजाय 'महायोगी', 'योगीराज' या 'सिद्ध पुरुष' कहा जाता है।



जुआ खेलते चार आरोपित गिरफ्तार, 680 रुपये नकदी बरामद

गोरखपुर, ५ नवम्बर। स्थानीय पुलिस ने जुआ खेलने के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपितों के पास से कुल 680 रुपये नकद और 52 ताश के पत्ते बरामद किए हैं। बड़हलगंज प्रतिनिधि के अनुसार कोतवाली प्रभारी अतुल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि बुधवार को उपनिरीक्षक सुबोध कुमार अपनी टीम के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि फड़सार गांव के बगीचे में कुछ लोग हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर चार लोगों को पकड़ लिया।पकड़े गए आरोपितों की पहचान बड़हलगंज थाना क्षेत्र के सहड़ौली निवासी सोनू प्रसाद,व पिंटू सिधुआपार निवासी अखिलेश कुमार व लक्ष्मीपुर निवासी सुनील कुमार के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान सोनू के पास से 120 रुपये, पिंटू के पास से 80 रुपये, अखिलेश के पास से 250 रुपये और चौथे सुनील के पास से 230 रुपये बरामद हुए। इसके अलावा मौके से 52 ताश के पत्ते भी मिले।

लिखित आश्वासन के बाद सपा नेता का आमरण अनशन स्थगित

कार्यालय प्रतिनिधि

गोरखपुर, ५ नवम्बर। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के गत 4 एवं 5 नवम्बर के गोरखपुर आगमन एवं उसी दिन उनकी जनसभा एव



पदयात्रा कार्यक्रम को लेकर परेशान जिला प्रशासन ने जमीन अधिग्रहण के मुद्दे पर टाउन हाल स्थित गांधी प्रतिभा के समक्ष आमरण अनशनरत सपा के पूर्व प्रदेश सचिव एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य कुंवर प्रताप सिंह को यह लिखित आश्वासन दिया है कि संबंधित प्रकरण में एक माह के अंदर समुचित निर्णय ले लिया जायेगा। इसे उच्चाधिकारियों के संज्ञान में भी ला दिया गया है। इसी आश्वसन के बाद सपा नेता अपना अनशन स्थगित कर दिया। -संबंधित लिखित आश्वासन पर डी.एम. के प्रतिनिधि के रूप में एडीशनल सिटी मजिस्ट्रेट एवं सी.ओ. कोतवाली के हस्ताक्षर हैं। श्रीसिंह ने बताया कि संबंधित क्षेत्र का सर्किल रेट 2016 में निर्धारित किया गया है। जब कि 2026 में संबंधित भूमि की कीमत में भारी वृद्धि हुयी है। अत: संबंधित भूमि के लिए नया सर्किल रेट लागू किया जाय तथा उसके बाद ही नया

♦ नया सर्किल रेट एक माह में जारी हुआ तो फिर आंदोलन-कुंवर प्रताप सिंह

गोरखपुर बसाये जाने के लिए उक्त भूमि का अधिग्रहण किया जाय। श्रीसिंह ने कहाकि उन्होंने आमरण अनशन फिलहाल स्थगित किया है। यदि एक महा के अंदर किसानों कि हित में समुचित निर्णय नहीं लिया जाता है तो वह बाध्य होकर पुन: आमरण अनशन शुरू कर देंगे।

अयोध्या दीपोत्सव : अगले ४३ घंटे तक अयोध्या रूट पर नहीं होगा भारी वाहनों का आवागमन

अपराध संवाददाता

गोरखपुर, ५ नवम्बर। अयोध्या में ७ नवम्बर को अयोध्या धाम में भगवार श्रीराम मंदिर पर आयोजित होने वाले दीपोत्सव कार्यक्रम के दृष्टिगत गोरखपुर-लखनऊ वाया बस्ती मुख्य मार्ग पर भारी वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित किया गया है। यातायात कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार उक्त ६ नवम्बर की रात ११ बजे से ८ नवम्बर की रात ८ बजे तक अथवा कार्यक्रम की समाप्ति तक भारी वाहनों और हल्के चार पहिया वाहनों को परिवर्तित मार्गसे अपने गनतव्य को जाना होगा। उक्त मार्ग का उपयोग करने वाले वाहन चालकों के लिए गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे विकल्प के रुप में है। गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया और गीडा से लखनऊ की तरफ जाने वाले वाहनों को उक्त निर्धारित वैकल्पिक मार्गों से गुजारा जाएगा। हालांकि गोरखपुर से गीडा, सहजनवां, संतकबीरनगर और बस्ती जाने वाले वाहनों को इस प्रतिबंध से छूट दी गई है। गोरखपुर शहर क्षेत्र से लखनऊ की ओर जाने वाले ट्रक, डीसीएम, बस और हल्के चार पहिया वाहनों को जीरो प्वाइंट कालेसर से डायवर्ट किया जाएगा। ये वाहन यहां से दोबारा हाईवे पर चढ़कर तेंदुआ टोल प्लाजा होते हुए गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के रास्ते पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर पहुंचेंगे। इसके बाद आजमगढ़ की तरफ से अपने गंतव्य को जा सकेंगे। इसी तरह कुशीनगर और देवरिया की ओर से लखनऊ जाने वाले भारी एवं चार पहिया वाहनों को बाघागाड़ा के आगे से गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे की तरफ मोड़ दिया जाएगा।

दीपावली बाद आ सकती है चुनाव आयोग की टीम, तैयारियों में जुटा प्रशासन

गोरखपुर, ५ नवम्बर। दीपावली के बाद भारत निर्वाचन आयोग की टीम के गोरखपुर दौरे की संभावना को देखते हुए जिला प्रशासन ने निर्वाचन संबंधी तैयारियां तेज कर दी हैं। विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत मतदाता सूची को दुरुस्त करने, पात्र मतदाताओं के नाम शामिल कराने और निर्वाचन संबंधी व्यवस्थाओं की समीक्षा के लिए जिलाधिकारी दीपक मीणा और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने संयुक्त रूप से पुलिस लाइन स्थित व्हाइट हाउस सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक की। डीएम ने निर्देश दिया कि जिन पात्र मतदाताओं के नाम सूची में शामिल होने से छूट गए हैं, उनके नाम छूटने के कारणों की विधानसभा क्षेत्र और बूथवार विस्तृत जानकारी जुटाई जाए। साथ ही नाम जोड़ने के लिए अभियान चलाकर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार एक जनवरी 2027 को अर्हता तिथि मानते हुए मतदाता सूची का विशेष पुनरीक्षण किया जा रहा है। निर्धारित कार्यक्रम के तहत 12 नवंबर को ड्राफ्ट मतदाता सूची का प्रकाशन होगा। इसके बाद 12 नवंबर से 11 दिसंबर तक दावे और आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी। प्राप्त दावे-आपत्तियों का निस्तारण 28 दिसंबर तक किया जाना है। इसके बाद चार जनवरी 2027 को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन प्रस्तावित है। इस अवधि में पात्र नागरिक अपना नाम मतदाता सूची में शामिल कराने, संशोधन कराने और अन्य आवश्यक प्रक्रिया पूरी करा सकेंगे। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी शाश्वत त्रिपुरारी, एडीएम सिटी गजेंद्र कुमार, एडीएम प्रशासन डॉ. वैभव शर्मा, सिटी मजिस्ट्रेट उत्कर्ष श्रीवास्तव, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट एवं एसडीएम खजनी कुनाल रस्तोगी, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट एवं एसीएम द्वितीय मुकुल खंडेलवाल, एसडीएम सदर ज्ञान प्रताप सिंह, एसडीएम चौरीचौरा रवि सिंह, एसडीएम कैंपियरगंज आलोक रंजन सिंह, एसडीएम गोला मनीष कुमार, एसडीएम सहजनवां नमन मेहता, एसीएम प्रथम पवन कुमार जायसवाल, अपर एसडीएम सदर सुदीप तिवारी और सहायक निर्वाचन अधिकारी शंकर मिश्रा मौजूद रहे।

राजनीति से सन्यास लिया हूँ समाजिक सेवा से नहीं-आदिल अमीन



गोरखपुर, ५ नवम्बर। सामाजिक कार्यकर्ता आदिल अमीन ने कहा कि मैंने राजनीतिक जीवन से संन्यास अवश्य लिया है लेकिन समाज सेवा और देश सेवा से कभी संन्यास नहीं लूंगा। देश सेवा मेरे लिए किसी पद, प्रतिष्ठा और राजनीतिक पहचान से बढ़कर है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रदेश और देश के हित में जो भी कार्य कर रहे हैं, उसमें समाज और देश सेवा की भावना से मेरा सकारात्मक सहयोग हमेशा बना रहेगा। गोरखनाथ मंदिर से मेरा जुड़ाव कल भी था, आज भी है और आगे भी रहेगा। उन्होंने भावुक होकर कहा कि गरीबों, मजलूमों, बेसहारा और जरूरतमंदों की आवाज बनना ही मेरे जीवन का उद्देश्य है। मेरा किसी भी राजनीतिक दल से अब कोई सरोकार नहीं रहेगा।

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने अर्पित की भावपूर्ण श्रद्धांजलि

गोरखपुर, ५ नवम्बर। तेलंगाना के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने बुधवार को तारामंडल स्थित डॉ. रूप कुमार बनर्जी के आवास पर पहुंचकर स्मृतिशेष प्रख्यात होम्योपैथ चिकित्सक डॉ. राम रतन बनर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर महामहिम राज्यपाल ने डॉ. रूप कुमार बनर्जी उनकी पत्नी श्रीमती चैताली बनर्जी, पुत्र डॉ. सौम्यो रतन बनर्जी एवं पुत्रवधू डॉ. अरुणिमा बनर्जी से मुलाकात कर आत्मीय संवाद किया तथा परिवार को सांत्वना प्रदान की।राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने स्व. डॉ. राम रतन बनर्जी की दीर्घ एवं समर्पित चिकित्सा यात्रा, उनकी सेवाभावी वृत्ति और मधुर व्यवहार का स्मरण करते हुए कहा कि उन्होंने अत्यंत सार्थक एवं श्रेष्ठ जीवन जिया।



दीपोत्सव एवं सांस्कृतिक संध्या के आयोजन से जगमगा उठी धरा

गोरखपुर, ५ नवम्बर। जवाहर लाल नेहरू पीजी कालेज बांसगांव में गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी गुरूवार की शाम आयोजित दीपोत्सव एवं सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम में जहां दीपकों के प्रज्वलित होते ही धरा और आसमान जगमगा उठा, वहीं छात्राओं द्वारा

♦ छात्राओं के डांडिया नृत्य की प्रस्तुति देख मंत्रमुग्ध हो उठे दर्शक

प्रस्तुत डांडिया नृत्य देखकर दर्शक मंत्रमुग्ध हो उठे। बांसगांव प्रतिनिधि के अनुसार आज शाम जवाहर लाल नेहरू पीजी कालेज के परिसर की भूमि पर हजारों दीयों सजाए गये राम मंदिर की भव्य आकृति को देखकर सभी का सिर गर्व से ऊंचा हो उठा। सूर्यास्त के पूर्व गोधूली काल आते ही छात्र-छात्राओं द्वारा दीयों को प्रज्वलित करते ही धरा और आसमान जगमगा उठा। पटाखों की गूंज से पूरा परिसर थर्राने लगा। फूलझड़ियों की रोशनी से आंखें चौंधियाने लगी। दीपोत्सव के रंग से सरबोर सभी लोग झूमने लगे।इस दौरान मंच से छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों समां बांध दी। दीपोत्सव कार्यक्रम में प्रस्तुत किये गये डांडिया नृत्य से मंत्रमुग्ध दर्शकों के तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा परिसर गूंजने लगा। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि



श्रीप्रकाश मणि त्रिपाठी पूर्व कुलपति केन्द्रीय विश्वविद्यालय अमरकंटक तथा उप्र महिला आयोग की उपाध्यक्ष चारू चौधरी द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया।इस अवसर पीजी कालेज के प्रबंधक विजय कुमार सिंह (बबलू बाबू), प्राचार्य डा. भूपेश सिंह, सेतु बंधु रामेश्वर मिश्र, प्रो. गिरजेश सिंह, प्रमोद सिंह, राजेश सिंह सहित प्रबंध कार्यकारिणी के पदाधिकारी तथा सदस्यगण उपस्थित रहे।

गोरखपुर महोत्सव को लेकर मंडलायुक्त ने किया स्थलीय निरीक्षण

गोरखपुर, ५ नवम्बर। मण्डलायुक्त इन्द्र विक्रम सिंह द्वारा गोरखपुर महोत्सव-2027 को भव्य, सुव्यवस्थित और ऐतिहासिक बनाने के लिए प्रस्तावित कार्यक्रम स्थल चम्पा देवी पार्क का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त ने कार्यक्रम स्थल के ले-आउट, मुख्य मंच, विभिन्न प्रदर्शनियों पुस्तक मेला, कमर्शियल स्टॉल और फूड कोर्ट के लिए प्रस्तावित स्थलों का बारीकी से जायजा लिया। मण्डलायुक्त द्वारा जन-सुविधाएं एवं स्वच्छता के दृष्टिगत नगर आयुक्त, नगर निगम को आयोजन स्थल तथा रामगढ़ताल के आस-पास के क्षेत्रों में विशेष स्वच्छता अभियान चलाने के निर्देश के साथ पर्याप्त संख्या में मोबाइल टॉयलेट, पेयजल टैंकर और डस्टबिन की व्यवस्था हेतु भी निर्देशित किया गया। मण्डलायुक्त ने कहा कि गोरखपुर महोत्सव जनपद की सांस्कृतिक विरासत, कला, साहित्य, लोक परंपराओं एवं विकास की उपलब्धियों को प्रदर्शित करने का महत्वपूर्ण मंच है। वीआईपी और आम जनता के लिए अलग-अलग प्रवेश व निकास द्वार सुनिश्चित करने तथा सुचारू यातायात प्रबंधन (रूट डायवर्जन व पार्किंग) के लिए पुलिस प्रशासन को विस्तृत कार्ययोजना बनाने को कहा गया। पूरे परिसर को सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में रखने के निर्देश दिए गए। इसके उपरांत मण्डलायुक्त द्वारा वीर बहादुर सिंह नक्षत्रशाला एवं क्षेत्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी केंद्र, तारामंडल का स्थलीय निरीक्षण कर वहां निर्माणाधीन साइंस पार्क की अद्यतन स्थिति, नक्षत्रशाला के नवीनीकरण कार्यों की प्रगति तथा खगोल विज्ञान दीर्घा एवं साइंस पार्क का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान मण्डलायुक्त ने चल रहे कार्यों का बारीकी से अवलोकन करते हुए सभी निर्माण एवं विकास कार्यों को निर्धारित मानकों के अनुरूप उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने का निर्देश दिया।



